राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर (राज.) ☎ 0141–2722520

क्रमांक :–प.6(107)RSSB/IT/Pharmacist/2018/407 दिनांक 27/12/2023

प्रेस विज्ञप्ति

फार्मासिस्ट सीधी भर्ती –2018 में आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्र क्रमांक नर्सिंग / फार्मासिस्ट / ए–65 / 2020 / 464 दिनांक 06.11.2020 द्वारा बोर्ड को सूचित किया था कि फार्मासिस्ट सीधी भर्ती –2018 को अपरिहार्य कारणो से निरस्त कर दिया गया है, जिसके अनुसरण में उक्त भर्ती की सम्पूर्ण प्रक्रिया बोर्ड द्वारा प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक 3562 दिनांक 13.11.2020 जारी की जाकर निरस्त कर दी गई थी। बोर्ड द्वारा फार्मासिस्ट सीधी भर्ती –2018 में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क रिफण्ड करने का निर्णय लिया गया है।

इस हेतु उक्त भर्ती में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को संबोधित आवेदन शुल्क रिफण्ड हेतु एक प्रार्थना पत्र मय निम्न सूचना के यह विज्ञप्ति जारी होने के 15 दिवस की अवधि मे आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें ताकि फार्मासिस्ट सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में आवेदक द्वारा किये गये आवेदन शुल्क का रिफण्ड किया जा सके।

1	2	3	4	5	6
फार्मासिस्ट सीधी भर्ती – 2018 में भरे गये स्वयं के ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति	आवेदक का स्वयं का बैंक अकाउन्ट नम्बर	बैंक का नाम	बैंक की ब्रांच का नाम	बैंक का IFSC कोड	बैंक पासबुक की फोटो प्रति जिममें आवेदक का नाम, पते, अकाउन्ट नम्बर इत्यादि समस्त विवरण दृश्य हों

बोर्ड कार्यालय में 15 दिवस की अवधि के उपरांत उक्त संदर्भ मे अभ्यर्थियो के किसी भी पत्राचार अथवा आवेदन शुल्क रिफण्ड पर विचार नहीं किया जावेगा।

(संजय कुमार माथुर)
सचिव